विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-40 का उत्तर:-

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 40.(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि लखनऊ जनपद के निवासियों को आवास एवं विकास परिषद् द्वारा मुआवजा दिये जाने के संबंध में अपर जिलाधिकारी, भू0अ0 उ0प्र0 आवास विकास परिषद कलेक्ट्रेट लखनऊ द्वारा दिनांक 17 फरवरी, 2021 को अपर आवास आयुक्त एवं सचिव उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद को समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए मुआवजा दिये जाने के संबंध में, पत्र प्राप्त हुआ है? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो किस तिथि को लाभार्थियों को मुआवजा दिया गया है ? | अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) की आख्यानुसार खसरा संख्या-534 कुल रकबा 0-17-0 वीघा में से दिनांक 07.09.1973 को रकवा 0-11-0 वीघा का हस्तगत कब्जे के विरूद्व घोषित अभिनिर्णय दिनांक 22.03.1975 के अनुक्रम में 0-11-0 बीघा का 1/3 अंश का प्रतिकर प्रतिकर रू0 19,884.00 का बाउचर संख्या-179 दिनांक 03.06.1975 को व रू0 1,796.80 का बाउचर संख्या-280 दिनांक 17.11.1975 को श्री राधेलाल पुत्र रामलाल को भुगतान |



Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| | | किया जा चुका है। |
| | | प्रश्नगत खसरे का अवशेष रकबा 0-6-0 बीघा का घोषित अभिनिर्णय दिनांक 31-03-1977 के अनुक्रम में 1/3 अंश का प्रतिकर रू0 1,549.79 भुगतान वाउचर संख्या-981 दिनांक 06-02-1978 को श्री राधेलाल पुत्र रामलाल को किया जा चुका है । इस प्रकार तत्समय ही श्री राधेलाल पुत्र राम लाल को अभिनिर्णीत समस्त धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। वर्तमान में भुगतान अवशेष नहीं है। |
| (ग) | यदि नहीं, तो कब तक मुआवजे का भुगतान करा दिया जायेगा? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।

Scanned with OKEN Scanner